<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–22 सितम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- जीएसटी सुधार आज से लागू। कल शाम राष्ट्र के नाम सम्बोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा जीएसटी सुधारों के साथ बदल जायेगी देश की विकास गाथा।
- प्रधानमंत्री ने कहा पूरा हुआ एक राष्ट्र–एक कर का सपना। लोगों और राज्य सरकारों से की स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देने की अपील।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दवा कारोबारियों का किया आह्वान। कहा–मिलावटी दवाओं की बिक्री के खिलाफ कदम बढ़ायें दवा विक्रेता।
- आज से शारदीय नवरात्र का शुभारम्भ। प्रदेश भर के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

**********

वस्तु एवं सेवा कर–जीएसटी सुधार से जुड़े निर्णय आज से लागू हो गये हैं। इस बीच जीएसटी सुधारों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल शाम राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश की विकास गाथा इन सुधारों के साथ बदल जाएगी। श्री मोदी ने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन से लागू अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार के साथ जीएसटी बचत उत्सव शुरू होगा और लोग कम कीमत पर अपनी पसंद के सामान खरीद सकेंगे।

***देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। इस जीएसटी बचत उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी, और आप अपनी पसंद की चीजों को और ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे। हमारे देश के गरीब, मध्यमवर्गीय लोग, नियो मिडिल क्लास, युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार, व्यापारी, उद्यमी, सभी को ये बचत उत्सव का बहुत फायदा होगा।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने कर प्रणाली को सरल बनाया है। उन्होंने बताया कि नई कर संरचना के तहत केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत कर दरें रहेंगी।

***देश की वर्तमान जरूरतों और भविष्य के सपनों को देखते हुए, जीएसटी के ये नए रिफॉर्म्स लागू हो रहे हैं। नए स्वरूप में मुख्य रूप से अब सिर्फ पांच परसेंट और अठारह परसेंट के ही टैक्स स्लैब रहेंगे। रोजमर्रा के इस्तेमाल की ज्यादातर चीजें या टैक्स–फ्री होंगी या फिर केवल पांच परसेंट टैक्स देना होगा।***

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि एक राष्ट्र – एक कर का सपना पूरा हो गया है। श्री मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले बारह वर्षों में 25 करोड़ लोग निर्धनता से उबरे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सरकार ने 12 लाख रुपये तक की आमदनी को कर से राहत प्रदान की, ताकि मध्यम वर्ग के जीवन में व्यापक सुगमता और सरलता लाई जा सके। उन्होंने कहा कि नए मध्यम वर्ग की अपनी आकांक्षाएं हैं। उनके कर बोझ को आसान बनाने के लिए सरकार ने कदम उठाए हैं। मध्यम वर्ग के लोगों को दोहरा फायदा होगा। अब उन्हें सामानों और वाहनों के लिए कम खर्च करना पड़ेगा। श्री मोदी ने कहा कि होटल में ठहरने की कीमत में कमी आने से पर्यटन भी कम खर्चीला होगा। श्री मोदी ने जीएसटी सुधारों के प्रति दुकानदारों की प्रतिक्रिया पर खुशी जाहिर की। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक परिवार का आह्वान किया कि वह स्वदेशी का प्रतीक बने और प्रत्येक दुकान स्वदेशी सामान से सुसज्जित हो। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से अपील की कि वे आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान में सक्रिय सहायता प्रदान करें और अपने–अपने क्षेत्रों में विनिर्माण को बढावा दें।

***मेरा आज सभी राज्य सरकारों से भी आग्रह है, आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान के साथ, स्वदेशी के इस अभियान के साथ, अपने राज्यों में मैन्यूफैक्चरिंग को गति दें, जब केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तो आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा होगा।***

**********

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला –'सेवा पर्व' में, किसानों की वित्तीय सुरक्षा को मिली मजबूत पर एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, केंद्रित सुधारों की एक श्रृंखला से आम किसानों को अनियमित आय की समस्या से निकालकर निश्चित समृद्धि की ओर अग्रसर होने में मदद मिली है।***

***सरकार की प्रतिबद्धता बजटीय आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि से परिलक्षित होती है, जो 2013–14 के 27 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर आज 1 लाख 37 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वहीं, पीएम–किसान योजना के माध्यम से 11 करोड़ से ज़्यादा किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता मिली है। किसान क्रेडिट कार्ड के विस्तार से वित्तीय सशक्तिकरण को मजबूती मिली है। जबकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ने मौसम और बाजार की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान की है। समाचार कक्ष से जया भारती।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दवा कारोबारियों का आह्वान किया है कि वे मिलावटी दवाओं की बिक्री और नार्कोटिक्स दवाओं के गलत इस्तेमाल के खिलाफ कदम बढ़ायें। उन्होंने कहा कि दवाओं की गुणवत्ता को लेकर जनता का विश्वास ही दवा कारोबार की असली पूंजी है। मुख्यमंत्री कल शाम गोरखपुर में केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिट्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश की वार्षिक आमसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश को फार्मा सेक्टर का हब बनाने के लिये सरकार ललितपुर में एक बड़े फार्मा पार्क का निर्माण करा रही है। मुख्यमंत्री ने इसके पहले कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत

गोरखपुर के योगीराज गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित किया। वह 'विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश 'विजन–2047' पर आयोजित कार्यशाला में भी शामिल हुए। इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री ने लोगों का आह्वान किया कि वे विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिये सरकार द्वारा जारी 'विकसित उतर प्रदेश विजन 2047' के क्यूआर कोड को मोबाइल में स्कैन कर अपने सुझाव ज़रूर दे।

**********

शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गया है। आज सुबह से ही प्रदेश भर के शक्तिपीठो और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुयी है। ब्रम्हमुहूर्त से ही श्रद्धालु माता के दर्शन पूजन कर रहे हैं। लोग अपने घरो में भी कलश स्थापना कर प्रथम दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमरू।।***

***प्रदेश भर में श्रद्धालु देवी मंत्रों का जाप करते हुए नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना कर रहे हैं। व्रत रखने के साथ ही भक्त अपने घरों में कलश स्थापना कर रहे हैं और साथ ही विभिन्न मंदिरों में मां दुर्गे के दर्शन भी कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आज गोरखनाथ मंदिर में कलश स्थापना करेंगे। प्रदेश में स्थापित प्रमुख शक्तिपीठों पर आज से शुरू होने वाले दिवसीय मेलों के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम भी किए गए हैं। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल के माता विन्ध्यवासिनी देवी मंदिर पर बीती मध्य रात्रि से ही नवरात्र मेला शुरू हो गया है। मेले की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गये हैं। और विवरण हमारे मिर्जापुर प्रतिनिधि सेः–

***मॉ विंध्यवासिनी की जय–जयकारों की के बीच प्रसिद्ध शक्तिपीठ विंध्याचल में शारदीय नवरात्र मेला प्रारंभ हो चुका है। भोर में कलश स्थापना व मंगला आरती के बाद जैसे ही मंदिर के कपाट खुले समुचे विंध्यनगरी घंटा घड़िया के साथ मॉ के जय जयकारों से गूंज उठी। इस समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु मॉ विध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर त्रिकोण.......परिक्रमा पूरी कर रहे हैं। उत्तर मध्य रेल श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विंध्याचल स्टेशन पर एक दर्जन से अधिक ट्रेनों की ठहराव के व्यवस्था की है। परिवहन विभाग प्रदेश के विभिन्न जिलों को विंध्याचल से जोड़ने के लिए सबसे अधिक रिक्त बसें चला रहा है। मॉ के गर्भगृह में प्रवेश पर पाबंदी के साथ चरण स्तर पर रोक लगाया गया है। एस एम सबा आकाशवाणी समाचार विंध्याचल मीरजापुर।***

नेपाल की सीमा से लगे बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पर भी दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी है। इनमें पड़ोसी देश नेपाल से आए श्रद्धालु भी शामिल हैं। सहारनपुर में शिवालिक पहाड़ियों पर स्थित मॉ शाकुम्भरी देवी सहित पश्चिमी जिलों के विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। गोरखपुर जिले में मॉ तरकुलहा देवी मंदिर और महराजगंज जिले के आद्रवन स्थित लेहड़ा देवी मंदिर में भी ब्रम्हमुहूर्त से ही श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गये हैं। इसके साथ ही दुर्गा पूजा उत्सव भी शुरू हो गया है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को नवरात्र की हार्दिक बधाई दी है।

**********

पूर्वोत्तर रेलवे में दो रेलखण्डों पर लाइन विस्तार के कारण आज से मेगा ब्लॉक शुरू हो रहा है। तीस सितम्बर तक विभिन्न तिथियों में एक सौ नौ ट्रेनें निरस्त रहेंगी और छब्बीस ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जायेगा। आज जिन ट्रेनों को निरस्त किया गया है उनमें गोरखपुर–जम्मूतवी–अमरनाथ एक्सप्रेस, गोरखपुर आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस और गोरखपुर–पनवेल एक्सप्रेस शामिल है।

**********